# न्यूज़ टुडे

## भारत में संयुक्त राज्य अमेरिका से LNG का आयात अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया

**अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन** के अनुसार, 2024 के पहले 11 महीनों में अमेरिका से भारत में होने वाले LNG के आयात में साल-दर-साल **71% से अधिक की वृद्धि** दर्ज की गई है।

### तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के बारे में

- इसे **प्राकृतिक गैस को -162°C (-260°F) तक ठंडा करके तरल अवस्था** में परिवर्तित करके बनाया जाता है।
- चूंकि LNG **मुख्य रूप से मीथेन** (लगभग 90%) से बनी है, इसलिए यह **गंधहीन, रंगहीन, गैर-विषाक्त और गैर-संक्षारक** है।
- भारत विश्व स्तर पर **चौथा सबसे बड़ा LNG आयातक** है।

### LNG पर भारत की निर्भरता क्यों बढ़ रही है?

- **एनर्जी बास्केट में विविधता लाना:** कोयले के उपयोग में कमी लाने के प्रयासों से ईंधन के तुलनात्मक रूप से स्वच्छ स्रोत LNG उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।
  - सरकार का लक्ष्य **2030 तक एनर्जी मिक्स में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी को 15%** तक बढ़ाना है।
- **गैस आधारित अर्थव्यवस्था:** आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता को कम करने के लिए गैस आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने पर ध्यान केंद्रित करना।
- **जलवायु परिवर्तन से जुड़े लक्ष्य:** LNG **कोयले की तुलना में 40% और तेल की तुलना में 30% कम $CO_2$ उत्पन्न** करता है। इससे यह जीवाश्म ईंधनों में सबसे स्वच्छ ईंधन बन जाता है।

### विविध क्षेत्रकों में LNG की भूमिका

| आवासीय उपयोग | बिजली उत्पादन | परिवहन | उद्योग |
|---|---|---|---|
| पानी और इमारतों को गर्म करने के साथ-साथ घरों में खाना पकाने के लिए उपयोग की जाती है। | कोयले के कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्प के रूप में पॉवर प्लांट में बिजली के उत्पादन में उपयोग की जाती है। | भारी वाहनों और जहाजों के लिए ईंधन के रूप में उपयोग की जाती है। इससे वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन कम होता है। | उर्वरकों, प्लास्टिक और वस्त्रों के उत्पादन में कच्चे माल के रूप में कार्य करती है। |

### LNG से जुड़ी चुनौतियां

- **उच्च कीमत और अत्यधिक मूल्य अस्थिरता:** जैसे- रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक बाज़ार में **मांग-आपूर्ति संबंधी असंतुलन** का पैदा होना।
- **अपर्याप्त पाइपलाइन नेटवर्क:** LNG को टर्मिनलों से उसके उपयोग वाले क्षेत्रों तक ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला **पाइपलाइन नेटवर्क अच्छी तरह से स्थापित नहीं है**। इससे पूरे देश में, खास तौर पर अलग-थलग क्षेत्रों में LNG के वितरण एवं उपलब्धता में बाधा आती है।
- **सीमित भंडारण क्षमता:** यह भारत को **वैश्विक LNG बाजार में मूल्यों में होने वाले उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील** बनाता है।

### LNG के लिए भारत की पहलें

- परिवहन और खनन क्षेत्रक में LNG के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए **LNG नीति का मसौदा** तैयार किया गया है।
- परिवहन क्षेत्रक में ईंधन के रूप में LNG को शामिल करने के लिए **2017 में केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 को संशोधित** किया गया था।

## भारत-UAE व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (CEPA) के 3 वर्ष पूरे हुए

इंडिया-UAE CEPA पर **18 फरवरी 2022** को हस्ताक्षर किए गए थे और यह **1 मई 2022** को लागू हुआ था।

### भारत-UAE CEPA के बारे में

- यह पिछले दशक में भारत द्वारा किसी भी देश के साथ हस्ताक्षरित **पहला गहन और पूर्ण मुक्त व्यापार समझौता** है।
- इसमें **वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार, फार्मास्युटिकल उत्पाद, बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR), निवेश** आदि शामिल हैं।

### भारत-UAE CEPA का महत्त्व

- इस समझौते से अगले पांच वर्षों के दौरान **द्विपक्षीय वस्तु व्यापार के 100 अरब डॉलर से अधिक** तक पहुंचने की उम्मीद है। इसी तरह सेवाओं में व्यापार के **15 अरब डॉलर से अधिक** तक पहुंचने की अपेक्षा है।
- बेहतर व्यापार उदारीकरण और बाजार पहुंच के माध्यम से भारतीय कार्यबल के लिए **दस लाख से अधिक रोजगार के अवसर** उत्पन्न होंगे।
- **भारत के श्रम-प्रधान उत्पादों**, जैसे- वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान आदि के लिए **अधिमान्य बाजार पहुंच** को सक्षम बनाया जा सकेगा।
- **संयुक्त अरब अमीरात से भारत को निर्यात किए जाने वाले लगभग 90% उत्पादों पर शून्य शुल्क** लगेगा। इससे पेट्रोरसायन, एल्यूमीनियम और तांबे के UAE कमोडिटी निर्यातकों को लाभ होगा।
- यह समझौता **ओमान, कतर जैसे खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) देशों के साथ व्यापक व्यापार समझौतों का मार्ग** प्रशस्त करेगा।

### भारत-UAE CEPA के तहत हुई प्रगति

- **द्विपक्षीय पण्य व्यापार:** वित्त वर्ष 2020-21 में दोनों देशों के बीच **43.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर** का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। यह वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग **दोगुना होकर 83.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर** हो गया था।
- **निर्यात वृद्धि:** वित्त वर्ष 2023-24 में **गैर-तेल निर्यात 27.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुंच गया था। निर्यात मदों में मुख्य रूप से शामिल हैं- रिफाइंड कच्चा तेल, रत्न व आभूषण, उच्च तकनीक वाले सामान और रसायन आदि।
- **MSMEs को बढ़ावा:** दुबई में भारत मार्ट के साथ वैश्विक व्यापार में वृद्धि के साथ बाजार पहुंच और रोजगार में वृद्धि देखने को मिली है।

### भारत-UAE द्विपक्षीय संबंध

- **राजनयिक संबंध:** देशों के बीच 1972 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे।
- **व्यापार:** संयुक्त अरब अमीरात **भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है।** वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 35.62 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक रहा है।
- **रक्षा:** दोनों देशों की **वायु सेनाओं** के बीच द्विपक्षीय अभ्यास **डेजर्ट ईगल** तथा **संयुक्त सैन्य (थल सेना) अभ्यास डेजर्ट साइक्लोन** का आयोजन किया जाता है।

## नैसकॉम ने "भारत @2047: भारत को प्रौद्योगिकी-संचालित अर्थव्यवस्था में बदलना" शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की

यह रिपोर्ट एक **रणनीतिक रोडमैप** प्रस्तुत करती है, जो दर्शाती है कि भारत कैसे एक **उच्च-आय वाले देश में परिवर्तित** हो सकता है, और जिसका **अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 23–35 ट्रिलियन डॉलर** होगा।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं पर एक नजर**

- **स्थिर GDP संवृद्धि:** भारत को लगभग **8-10% की वार्षिक आर्थिक संवृद्धि प्राप्त** करनी होगी। **निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था, विविध कौशल वाले कार्यबल का निर्माण** जैसे कई पहलुओं पर जोर देना होगा।
- **कुछ क्षेत्रक पर बल: सेवाएं और विनिर्माण क्षेत्रक** भारत की आर्थिक संवृद्धि को गति दे सकते हैं। ये क्षेत्रक **10% की संवृद्धि** दर प्राप्त कर रहे हैं, जबकि **कृषि क्षेत्रक** की संवृद्धि दर लगभग **6%** होगी।
- **नवीकरणीय ऊर्जा:** भारत में कुल ऊर्जा उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी **2023 की 24% से बढ़कर 2047 तक 70%** हो जाएगी।

**आर्थिक संवृद्धि को गति देने वाले क्षेत्रक**

- **इलेक्ट्रॉनिक्स: निकट भविष्य** में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित प्रोडक्ट सिमुलेशन और **लंबी अवधि** में क्वांटम कंप्यूटर व ब्रेन-इंस्पायर्ड न्यूरोमोर्फिक चिप्स के डिजाइन पर ध्यान देना होगा।
- **ऊर्जा:** मुख्य रूप से माइक्रोग्रिड, स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स (SMRs) आदि में निवेश को बढ़ावा देना होगा।
- **रसायन:** AI-आधारित मॉलिक्यूलर डिज़ाइन और ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित फॉर्मूलेशन पर ध्यान देना होगा।
  - उदाहरण के लिए- चीन ने विनिर्माण संसाधनों को एकीकृत करके उन्हें **रासायनिक पार्कों में संगठित** किया है।
- **ऑटोमोटिव:** विद्युतीकरण, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहन और सॉलिड-स्टेट बैटरियों को अपनाने पर ध्यान देना होगा।
- **सेवाएं: वित्त और बैंकिंग** (ब्लॉकचेन आधारित लेन-देन); **स्वास्थ्य-देखभाल** (इमर्सिव टेली-प्रेजेंस ट्रीटमेंट) जैसे क्षेत्रकों पर जोर देना होगा।




**रिपोर्ट में की गई मुख्य सिफारिशें**

- **सरकार के लिए सिफारिशें:**
  - निर्यात को बढ़ावा देने वाली अवसंरचनाओं के विकास को प्रोत्साहन देना चाहिए,
  - आसियान, यूरोपीय संघ जैसे वैश्विक संगठनों के साथ भारत के हित वाले समझौते करने चाहिए।
- **कॉर्पोरेट्स जगत के लिए सिफारिशें:** नवीनतम तकनीक के साथ एकीकृत अवसंरचना विकसित करने में निवेश बढ़ाना चाहिए।
  - उदाहरण के लिए- **फैक्ट्री फ्लोर पर नवीनतम तकनीकी प्रणालियों** को शामिल करना चाहिए, ताकि रियल टाइम आधारित डेटा प्राप्त किया जा सके।


---

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) ने 'इलेक्ट्रिसिटी 2025' रिपोर्ट जारी की

इस रिपोर्ट में बढ़ते **विद्युतीकरण, विद्युत प्रणालियों के विस्तार और उत्पादन समिश्रण में मौसम पर निर्भर ऊर्जा स्रोतों की बढ़ती हिस्सेदारी** जैसे उभरते रुझानों पर चर्चा की गई है।

**रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं पर एक नजर:**

- **वैश्विक**
  - **वैश्विक ऊर्जा मांग 2024 में 4.3%** बढ़ी थी। इसके **2027 तक 4% के करीब बढ़ने** का अनुमान है।
  - **संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ** को पीछे छोड़ते हुए **चीन विद्युत के सबसे बड़े उपभोक्ता** के रूप में उभरा है।
  - 2024 में विद्युत उत्पादन से **वैश्विक $CO_2$ उत्सर्जन में 1%** वृद्धि देखी गई थी, लेकिन 2025-2027 के बीच इसके **स्थिर** रहने की उम्मीद है।
  - 2025-2027 के दौरान विद्युत की बढ़ती मांग का **95% हिस्सा सौर, पवन और जलविद्युत जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों** से पूरा होने की संभावना है।




- **भारत**
  - भारत में 2024 में विद्युत की मांग में **5.8% की वृद्धि** दर्ज की गई है। इसके 2025-2027 के दौरान **औसतन 6.3% सालाना दर से बढ़ने** की संभावना है।
  - भारत की **कोयला-आधारित ताप विद्युत क्षमता 2032 तक 283 गीगावाट** तक पहुंचने का अनुमान है।
  - 2024 में कोयला **74% विद्युत उत्पादन** के साथ भारत में विद्युत उत्पादन का प्रमुख स्रोत बना रहा।
  - नवीकरणीय ऊर्जा हिस्सेदारी 2024 की **21%** से बढ़कर 2027 तक **27%** तक पहुंचने की उम्मीद। इस हिस्सेदारी में सौर PVs प्रमुख भूमिका निभाएंगे।
  - 2024 में **परमाणु ऊर्जा में 13% की बढ़ोतरी** देखी गई थी। 2031-32 तक भारत की **परमाणु ऊर्जा क्षमता 8.2 गीगावाट से तिगुनी होकर 22.5** गीगावाट हो जाएगी।

**विद्युत की मांग में वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारक**

- **वैश्विक:** बढ़ता औद्योगिक उत्पादन (सौर पीवी सेल्स), एयर कंडीशनिंग (AC) का बढ़ता उपयोग, विशेष रूप से चीन में EV चार्जिंग अवसंरचना और डेटा सेंटर्स में विस्तार आदि।
- **भारत:**
  - **7% की उच्च आर्थिक संवृद्धि** (IMF का अनुमान) और **तीव्र गर्मी के परिणामस्वरूप** भारत में AC की मांग बढ़ रही है।
  - **पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी योजनाएं और बिजली (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियम, 2024 में संशोधन** सौर संयंत्र स्थापना तथा बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर रहे हैं।

## मर्सर-मेटल ने 'भारत का ग्रेजुएट स्किल इंडेक्स 2025' जारी किया

इस इंडेक्स में **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित कार्यस्थलों के लिए भारतीय स्नातकों की रोजगार क्षमता** का आकलन किया गया है।

**इंडेक्स के मुख्य बिंदुओं पर एक नज़र**

- **भारतीय स्नातकों की समग्र रोजगार क्षमता:** रोजगार क्षमता **2023 की 44.3% से घटकर 2024 में 42.6%** रह गई थी। यह गिरावट विशेष रूप से **मानव संसाधन, डिजिटल मार्केटिंग जैसी गैर-तकनीकी क्षमताओं की कमी** के कारण दर्ज की गई है।
  - हालांकि, भारतीय स्नातकों ने **AI जैसी तकनीकी क्षमता वाली नौकरियों में सबसे अधिक रोजगार-योग्य क्षमता** प्रदर्शित की है।
- **लैंगिक असमानता:** 43.4% पुरुष स्नातक रोजगार योग्य हैं, जबकि महिला स्नातकों के लिए यह अनुपात 41.7% है।
- **कॉलेज के आधार पर रोजगार क्षमता: टियर-1 कॉलेजों** के स्नातकों की रोजगार प्राप्ति क्षमता सबसे अधिक है।
- **सॉफ्ट स्किल्स में रोजगार-क्षमता:** 50% भारतीय स्नातक **भावनात्मक बुद्धिमत्ता (Emotional intelligence), रचनात्मकता** जैसी सॉफ्ट स्किल्स में कुशल हैं।

**भारतीय स्नातकों की कम रोजगार क्षमता के लिए जिम्मेदार कारक**

- **शिक्षा प्रणाली की खामियां:** भारतीय कॉलेज विद्यार्थी व्यावहारिक कौशल विकास की तुलना में **सैद्धांतिक ज्ञान पर अधिक ध्यान** केंद्रित करते हैं।
- **AI द्वारा नौकरियों में बदलाव:** ऑटोमेशन नौकरी की भूमिकाओं को बदल रहा है। इससे **निरंतर अपस्किलिंग की आवश्यकता** बढ़ रही है।
  - 28% **नियोक्ताओं** का मानना है कि प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए 2025 तक उनके **एक तिहाई कर्मचारियों के तकनीकी कौशल में महत्वपूर्ण परिवर्तन** की आवश्यकता होगी।
- **सॉफ्ट स्किल्स की कमी:** शैक्षिक कार्यक्रमों में **संचार, टीमवर्क और क्रिटिकल थिंकिंग** जैसी आवश्यक कार्यस्थल क्षमताएं शामिल नहीं की जाती हैं।

**भारत में रोजगार क्षमता बढ़ाने से संबंधित पहलें**

- **कौशल विकास:** प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY), जन शिक्षण संस्थान (JSS) योजना आदि चलाई जा रही हैं।
- **महिलाओं की रोजगार-क्षमता:** स्टैंड अप इंडिया, वुमन इन साइंस एंड इंजीनियरिंग- किरण (WISE-KIRAN) जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### रोजगार क्षमता बढ़ाने में अलग-अलग हितधारकों की भूमिका

| विद्यार्थी | कॉलेज | नियोक्ता |
|---|---|---|
| AI, कोडिंग, डेटा साइंस,टीमवर्क आदि पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। | अधिक व्यावहारिक और उद्योग-की मांग आधारित शिक्षा पर जोर देना चाहिए। | रोजगार प्रशिक्षण और इंटर्नशिप कार्यक्रमों में निवेश करना चाहिए, आदि। |

## प्रधान मंत्री ने भाषाई विविधता पर जोर देते हुए एक-दूसरे को प्रभावित करने और समृद्ध करने में भारतीय भाषाओं की भूमिका को रेखांकित किया

गौरतलब है कि **भाषाई विविधता को निम्नलिखित दो प्रकार से समझा जा सकता है:**

- देश में भाषाओं की कुल संख्या और
- देश की आबादी में किसी एक भाषा को बोलने वालों का प्रतिशत।

**भारत में भाषाई विविधता**


- **स्थिति:** 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में **99 से अधिक गैर-अनुसूचित भाषाएं, 22 अनुसूचित भाषाएं और 121 अन्य भाषाएं** हैं।
  - **पीपल्स लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया** (2010) ने भारत में बोली जाने वाली **780 भाषाओं की पहचान** की है। इनमें से **50 भाषाएं पिछले पांच दशकों में विलुप्त** हो चुकी हैं।
- **भाषा परिवार:** भारतीय भाषाएं मुख्य रूप से अग्रलिखित भाषा-परिवारों से संबंधित हैं- **इंडो-आर्यन, द्रविड़, ऑस्ट्रो-एशियाई, तिब्बती-बर्मी आदि।**

**भारत में भाषाई विविधता को बढ़ावा देने वाले संवैधानिक प्रावधान**

- **आठवीं अनुसूची:** इसमें **22 अनुसूचित भाषाओं** को सूचीबद्ध किया गया है।
- **अनुच्छेद 29:** यह अनुच्छेद नागरिकों के किसी भी वर्ग की **भाषा, लिपि और संस्कृति** की सुरक्षा करता है।
- **अनुच्छेद 350-B:** इसमें **भाषाई अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति** का प्रावधान किया गया है।

**भारत में भाषाई विविधता बढ़ाने के लिए उठाए गए कुछ कदम**

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020:** यह **कम-से-कम कक्षा 5 तक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा या स्थानीय भाषा** रखने का प्रावधान करती है।
- **साहित्य अकादमी:** यह संस्था **पुरस्कार, प्रकाशन और अनुसंधान** के माध्यम से भारतीय भाषाओं को समर्थन व संरक्षण प्रदान करती है।
- **प्रौद्योगिकी संबंधी पहल:** "भाषिणी" और अन्य AI-आधारित अनुवाद टूल्स; डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर क्षेत्रीय भाषाओं का समर्थन जैसी पहलें आरंभ की गई हैं।
- **शास्त्रीय भाषाएं:** ऐतिहासिक महत्त्व और भाषाई योगदान के आधार पर किसी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया जाता है।
- **समिति:** भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए 2021 में **"भारतीय भाषा समिति"** नामक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया था।




## अन्य सुर्ख़ियां



### फॉल्स किलर व्हेल

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, **तस्मानिया** के एक सुदूर समुद्र तट पर फंस चुकी लगभग **90 फॉल्स किलर व्हेल** को जीवित बचा लिया गया है।

**फॉल्स किलर व्हेल के बारे में**

- **पर्यावास:** यह प्रजाति विश्व में सभी **उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय महासागरों में तथा आम तौर पर गहरे अपतटीय जल** में पाई जाती है।
- **शारीरिक संरचना:** यह **गहरे भूरे रंग** की होती है और अक्सर **काले रंग** की दिखाई देती है। हालांकि, इसके **उदर (नीचे) पटल** का एक छोटा सा हिस्सा **हल्के रंग** का होता है।
  - यह प्रजाति आकार में **बड़ी और पतली** होती है। **नर मादाओं की तुलना में थोड़े बड़े** होते हैं।
- **व्यवहार:** यह प्रजाति मिलनसार होती है और मजबूत सामाजिक बंधन बनाती है।
  - अक्सर यह लघु उप-समूहों में पाई जाती है। इन उप-समूहों में एक या उससे अधिक **फॉल्स किलर व्हेल** होती हैं।
- **मुख्य खतरे:** पर्यावरण प्रदूषण, मानव द्वारा शिकार, शिकार के लिए फॉल्स किलर व्हेल के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा, आदि।

### PM आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G)

प्रधान मंत्री ने PMAY-G के **द्वितीय चरण का शुभारंभ** किया।

**PMAY-G के बारे में**

- **मंत्रालय:** 2016 में **ग्रामीण विकास मंत्रालय (MoRD)** द्वारा शुरू की गई थी।
- **उद्देश्य:** ग्रामीण गरीबों को मौलिक सुविधाओं के साथ **सस्ते व पक्के मकान** प्रदान करना। ग्रामीण भारत में **"सभी के लिए आवास"** सुनिश्चित करना।
- **लक्ष्य:** **4.95 करोड़ मकानों** का निर्माण करना। पहले **मार्च 2022** तक **2.95 करोड़ मकानों** का निर्माण करना था। इसे बढ़ाकर 2024-29 तक 2 करोड़ अतिरिक्त मकान कर दिया गया।
- **वित्तीय सहायता:** इसके तहत पात्र लाभार्थियों को अपने स्थायी मकानों के निर्माण के लिए **3% रियायती ब्याज दर पर 70,000 रुपये तक का ऋण** प्रदान किया जाता है।
- **लाभार्थी:** सामाजिक-आर्थिक जनगणना 2011 और आवास+ (2018) सर्वेक्षण के माध्यम से पहचाने गए व्यक्ति। लाभार्थियों की **ग्राम सभाओं द्वारा पुष्टि** की जाती है।
- **पात्रता मानदंड:** बेघर परिवार तथा कच्चे मकानों में रहने वाले परिवार।



## कूनो राष्ट्रीय उद्यान

हाल ही में, **कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच और चीतों को एनक्लोजर से खुले वन में स्वतंत्र छोड़ा गया**।

### कूनो राष्ट्रीय उद्यान के बारे में

- **स्थान:** यह **मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले** में स्थित है। यह **विंध्य पहाड़ियों** में विस्तृत है।
- इसका नाम **कूनो नदी** से लिया गया है। कूनो, **चंबल नदी की सहायक नदी** है।
- इसे 1981 में **वन्यजीव अभयारण्य और 2018 में राष्ट्रीय उद्यान** का दर्जा दिया गया था।
- यहां पाई जाने वाली वनस्पतियां **उत्तरी उष्णकटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन श्रेणी** में आती हैं।
- **वनस्पतियां:** करधई, सलाई, खैर आदि।
- **जीव-जंतु:** चित्तीदार हिरण, सांभर, नीलगाय, बार्किंग डियर, आदि।



## ग्रेट लेक्स

हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से **उत्तरी अमेरिका की ओंटारियो झील** को खतरा है। यह झील 5 **ग्रेट लेक्स** में शामिल है।

### ग्रेट लेक्स के बारे में

- **5 ग्रेट लेक्स निम्नलिखित हैं:**
  - **सुपीरियर (Superior):** सबसे बड़ी और सबसे गहरी झील।
  - **मिशिगन (Michigan)**
  - **ह्यूरॉन (Huron):** सबसे लंबी तटरेखा वाली झील।
  - **ईरी (Erie):** सबसे उथली (सबसे कम गहरी) झील।
  - **ओंटारियो (Ontario):** सबसे छोटी झील।
- ये 5 **ग्रेट लेक्स सामूहिक रूप से** पृथ्वी पर सबसे बड़ा **फ्रेशवाटर सिस्टम** है। इस सिस्टम में पृथ्वी का **1/5 सतही ताजा (मीठा) जल** प्राप्त होता है।
- **अवस्थिति: मिशिगन** झील का संपूर्ण क्षेत्र **संयुक्त राज्य अमेरिका** में स्थित है।
  - अन्य चार झीलें **कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच प्राकृतिक सीमा** बनाती हैं।
- **अपवाह:** लेक सुपीरियर का जल लेक ह्यूरॉन, लेक मिशिगन, लेक एरी और लेक ओंटारियो से होते हुए **सेंट लॉरेंस** नदी में मिलता है।



## धर्म-गार्जियन

भारतीय **थल सेना** की एक टुकड़ी **जापान** में आयोजित हो रहे **संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन'** में भाग लेने के लिए रवाना हुई।

### धर्म गार्जियन के बारे में

- यह **भारत और जापान में बारी-बारी** से आयोजित होने वाला वार्षिक सैन्य अभ्यास है।
- **उद्देश्य:** इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के मैंडेट के तहत **संयुक्त अर्बन वारफेयर और आतंकवाद-रोधी अभियान** संचालित करते हुए दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच समन्वय को बढ़ाना है।



## झुमोइर (झुमुर) नृत्य

भारत के प्रधान मंत्री असम के गुवाहाटी में झुमोइर बिनंदिनी (मेगा झुमोइर) 2025 में उपस्थित होंगे। यह उत्सव असम के **चाय उद्योग की 200वीं वर्षगांठ** का प्रतीक है।

### झुमोइर (झुमुर) नृत्य के बारे में

- यह एक **लोक नृत्य** है, जिसे मुख्य रूप से **असम की चाय उत्पादक जनजाति और आदिवासी समुदायों द्वारा फसल कटाई के मौसम** में किया जाता है। यह नृत्य **सामाजिक समावेशन, एकता और सांस्कृतिक गर्व** का प्रतीक है।
- इसमें **महिलाएं** मुख्य रूप से नृत्य और गायन में भाग लेती हैं, जबकि **पुरुष** मादल, ढोल, या ढाक (ड्रम), झांझ, बांसुरी और शहनाई जैसे **पारंपरिक वाद्ययंत्र** बजाते हैं।
- नृत्य में पहने जाने वाले परिधान **समुदाय के अनुसार अलग-अलग होते हैं**, लेकिन **लाल और सफेद साड़ियां** महिलाओं के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय हैं।



## क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनियां (CIC)

हाल ही में, RBI ने **क्रेडिट इन्फोर्मेशन कंपनियों (CICs)** को क्रेडिट जानकारी प्रदान करने में विफल रहने की वजह से सिटीबैंक पर 39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

### क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी (CIC) के बारे में

- **परिचय:** यह ऋण, क्रेडिट कार्ड्स आदि के संबंध में व्यक्तियों एवं कंपनियों के पब्लिक डेटा, क्रेडिट लेन-देन और पेमेंट हिस्ट्री एकत्र करती है।
- **महत्त्व:** ऋण-दाताओं और क्रेडिट-दाताओं को मदद करने के लिए एक क्रेडिट स्कोर तैयार करती है। इसी आधार पर वित्तीय संस्थाएं ऋण के आवेदन को स्वीकार करती है या अस्वीकार करती है।
- **लाइसेंसिंग और विनियमन:** इन्हें RBI लाइसेंस देता है। इनका विनियमन क्रेडिट सूचना कंपनियां (विनियमन) अधिनियम, 2005 के तहत किया जाता है।



## बाथौवाद (Bathouism)

**असम में बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र** की सरकार ने बाथौवाद को आधिकारिक धर्म के रूप में मान्यता प्रदान की।

### बाथौ धर्म के बारे में

- **बाथौ धर्म** बोडो समुदाय का एक लोक-धर्म है। यह **बथौबराई या सिबवराई की पूजा** पर केंद्रित है। इसे **बोडो जनजाति का सर्वोच्च देवता** माना जाता है। यही कारण है कि इसे **बाथौ धर्म** कहा जाता है।
- बोडो भाषा में **"बा"** का अर्थ **पाँच** और **"थौ"** का अर्थ **गहन दार्शनिक विचार** होता है।
- **ये पांच तत्व हैं-** बार (वायु), सं (सूर्य), हा (पृथ्वी), ओर (अग्नि) तथा ओखरांग (आकाश)।

### बोडो जनजाति के बारे में

- यह मैदानी भागों में रहने वाली **असम की सबसे बड़ी देशज जनजाति** है।
- पारंपरिक रूप से इनका निवास क्षेत्र **ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे और भूटान की तलहटी** में रहा है।
- भाषा संबंध- **असम-बर्मा समूह के तिब्बती-बर्मी भाषा परिवार** से संबंधित हैं।

## सुर्ख़ियों में रहे स्थल

## होंडुरास (राजधानी: टेगुसिगाल्पा)

भारत ने उष्णकटिबंधीय तूफान सारा से प्रभावित होंडुरास को मानवीय सहायता भेजी है।

### होंडुरास के बारे में




- **भौगोलिक अवस्थिति:**
  - **अवस्थिति:** मध्य अमेरिका।
  - **भूमि सीमाएं:** इसके पश्चिम में **ग्वाटेमाला और अल साल्वाडोर तथा दक्षिण एवं पूर्व में निकारागुआ** स्थित है।
  - **आसपास के समुद्र:** इसके उत्तर में **कैरेबियन सागर** तथा दक्षिण में **प्रशांत महासागर** है।
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - **प्रमुख नदियां:** पटुका और उलुआ।
  - **सबसे ऊंची चोटी:** माउंट लास मिनास।
  - **खाड़ी:** फोंसेका की खाड़ी। यह अल साल्वाडोर, होंडुरास और निकारागुआ से घिरी हुई है।